बिजली बोर्ड ने वर्ष 1969-70 में कृषि प्रयोजनों के हेतु पम्पिंग सेटों के लिए बिजली सप्लाई करने के लिए अतिरिक्त धन मांगा है ; और

(ख) यदि हां, तो कितनी राशि मांगी गई है और उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**सिंचाई तथा विद्युत मन्त्रालय में उप-मंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद)** : (क) जी, हां।

(ख) 1969-70 के लिए 2 करोड़ रुपये की और सहायता मांगी गई है। क्योंकि 1969-70 की वार्षिक योजना को अभी अन्तिम रुप दिया जाना है, इस लिए इस प्रस्ताव पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

**मध्य प्रदेश में व्यक्तियों और कंपनियों के विरुद्ध बकाया पांच लाख रुपये से अधिक राशि पर कर**

9232. **श्री गं० च० दीक्षित** : क्या वित्त मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में किन-किन व्यक्तियों अथवा फर्मो के विरुद्ध 5 लाख अथवा अधिक राशि के कर (आयकर, सम्पदाशुल्क, धनकर, उपहार-कर, तथा व्यय-कर,) बकाया हैं।

(ख) उपर्युक्त प्रत्येक व्यक्ति अथवा कंपनी के विरुद्ध कितनी राशि बकाया है ; और

(ग) उक्त राशि को वसूल करने के लिए क्या कार्यवाही की गई या किये जाने का प्रस्ताव है ?

**उप-प्रधान मन्त्री तथा वित्त मन्त्री (श्री मोरारजी देसाई)** : (क) से (ग). अपेक्षित सूचना एकत्रित की जा रही है और यथाशीघ्र सदन की मेज पर रख दी जायगी।

**कोसी बांध के बीच ग्रामीणों का बसाया जाना**

9233. **श्री गुणानन्द ठाकुर** : क्या सिंचाई तथा विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कोसी पर बने बांधों के बीच के गांवों की संख्या कितनी है तथा उनकी जनसंख्या कितनी है ;

(ख) क्या सरकार का विचार उक्त लोगों के पुनर्वास के लिए एक उच्च स्तरीय जांच आयोग बनाने का है ; और

(ग) यदि हां, तो इस के कब तक बनाये जाने की संभावना है ?

**सिंचाई तथा विद्युत मन्त्रालय में उप मन्त्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद)** : (क) लगभग 1.5 लाख जनसंख्या वाले 303 ग्राम कोसी के तटबन्धों के अन्तर्गत आते हैं।

(ख) जी, नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

**पश्चिम कोसी परियोजना**

9234. **श्री गुणानन्द ठाकुर** : क्या सिंचाई तथा विद्युत मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कितनी बार और किन-किन ने पश्चिमी कोसी नहर परियोजना का उद्घाटन किया था ;

(ख) क्या यह सच है कि इस परियोजना की कार्यान्विति के बारे में जनता में बहुत क्षुब्धता है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि इसकी कार्यान्विति के बारे में नेपाल सरकार को कोई आपत्ति नहीं है ; और

(घ) यदि हां, तो सरकार इस परियोजना को कब तक कार्यान्विति करना चाहती है ?

**सिंचाई तथा विद्युत मन्त्रालय में उप-मंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद)** : (क) दो बार —1962 में बिहार के मुख्य मन्त्री द्वारा और 1965 में भारत के प्रधान मन्त्री द्वारा।

(ख) से (घ). पश्चिम कोसी नहर के लिए नेपाल प्रदेश में भूमि के अधिग्रहण के लिए नेपाल सरकार का अनुमोदन प्रतीक्षित है।

**Goa Chief Minister's Visit Abroad**

9235. **SHRI YAJNA DATT SHARMA** : Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Chief Minister of Goa along with his daughter had gone abroad in December last ;